हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 26 जून 2024

04 देहात थाने के सामने युवक को पीटा किशोर से...



07 गहरीकरण के बाद तालाब का सौंदर्यीकरण कर जन...





## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य बैठक आज

**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी की अध्यक्षता में जिपं की सामान्य बैठक बुधवार को आयोजित की गई है। यह बैठक जिला पंचायत के सभागार कक्ष में दोपहर 1 बजे से शुरू होगी। जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने बैठक एजेंडा के संबंध में बताया कि पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन पर आधारित विभागीय पालन प्रतिवेदन, जिला पंचायत का वार्षिक बजट वर्ष 2024-25 का अनुमोदन, जिला पंचायत सेवा शर्तों के अनुसार कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय चरित्रावली में घ श्रेणी कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की समीक्षा।

### एसडीएम कार्यालय में आज होगा पौधारोपण

**विदिशा।** एसडीएम कार्यालय परिसर में बुधवार सुबह 11 बजे से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी सहभागिता निभाएंगे।

### पोर्टल की कार्य प्रणाली बताने प्रशिक्षण आज

**विदिशा।** जन्म-मृत्यु पंजीयन का कार्य भारत के महारजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु), भारत सरकार गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार संपूर्ण भारत देश के साथ मध्यप्रदेश में भी किया जाता है। भारत सरकार द्वारा जन्म - मृत्यु पंजीयन से संबंधित नवीन पोर्टल लांच किया गया है। के अंतर्गत ही मध्यप्रदेश राज्य की समस्त जन्म मृत्यु पंजीयन इकाईयों ग्रामीण, नगरीय में कार्य प्रारंभ हो गया है। सरलता व सुगमता से कार्य करने के लिए बुधवार दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के बेतवा सभा कक्ष में जनगणना निदेशालय भारत सरकार के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा।

### रोजगार मेला का आयोजन 27 को

**विदिशा।** रोजगार मेला का आयोजन गुरुवार 27 जून को पुरानी कलेक्ट्रेट के रजिस्टार ऑफिस में किया गया है। मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा आवेदकों की भर्ती की जाएगी। मेले में कक्षा पांचवी से स्नातकोत्तर, तकनीकी में योग्यता रखने वाले 18 वर्ष से 35 वर्ष तक की आयु के आवेदकों की भर्ती इस रोजगार मेले के माध्यम से की जाएगी। इच्छुक आवेदक 27 जून की सुबह 11 बजे पुरानी कलेक्ट्रेट के रजिस्टर्ड ऑफिस रामद्वारा में साक्षात्कार के लिए पहुंच सकते हैं।

### बैठक 28 को होगी

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु अंतिम तिमाही मार्च 2024 की जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन शुक्रवार 28 जून को किया गया है। बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में दोपहर 2 बजे से शुरू होगी।

### एक प्रकरण में जिला बदर की कार्रवाई की

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने एसपी के प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए हैं। विभिन्न अपराधों में लिप्त सोनू शर्मा पिता महेश शर्मा उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम काछीखेड़ा थाना आनंदपुर को तीन माह के लिए विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से निष्कासित किया गया है।

### ट्रैक्टर में फैला करंट किसान की हुई मौत

**विदिशा।** शमशाबाद तहसील के बिछिया गांव के किसान 45 वर्षीय रामराज यादव की करंट लगने से मौत हो गई। खेत से गुजरी बिजली की लाइन का तार टूटकर ट्रैक्टर से टकरा गया। जिससे ट्रैक्टर में करंट फैल गया था।

---

### 20 फीट नीचे से शव को ऊपर ले जाने में टीम को करना पड़ी भारी मशक्कत



### सात दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया था 19 साल का संभव चौधरी

# हलाली के पास छोटी पचमढ़ी में नहाते समय पैर फिसलने से डूबा छात्र, मौत

**भोपाल में रहकर कर रहा था पढ़ाई, होमगार्ड के जवान और एसडीईआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर शव को निकाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

खामखेड़ा चौकी अंतर्गत हलाली डेम के नजदीक छोटी पचमढ़ी के नाम से पहचाने जाने वाले झरने में डूबने से एक युवक की डूबने से मौत हो गई है। युवक अपने 7 दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आया था। घटना सोमवार शाम की है। मंगलवा सुबह होमगार्ड के जवान और एसडीईआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर शव को बाहर निकाला है और बमुश्किल करीब 20 फीट ऊपर लेकर पहुंचे।

मृतक की पहचान संभव चौधरी (19) के रूप में हुई है, जो बिहार का रहने वाला है। मृतक चौधरी भोपाल में रहकर पीपुल्स कॉलेज से बी फार्मा की पढ़ाई कर रहा था। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को बिहार लेकर निकले करीब 1100 का सफर तय करने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। सोमवार की शाम को संभव चौधरी अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए पहुंचा था। वॉटर फाल में नहाते समय पैर फिसलने से वह डूब गया। मंगवार को होमगार्ड के जवानों ने उसके शव को पानी से बाहर निकाला।

#### बमुश्किल शव को बाहर निकाला गया

रात को पुलिस मौके पर पहुंची बीच जंगल में होने के कारण रेस्क्यू नहीं चलाया जा सका। सुबह पुलिस और होम गार्ड के जवान मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू शुरू किया। 4 घंटे की मशक्कत के बाद शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए विदिशा हॉस्पिटल भेजा। एसडीआरएफ के कमांडेंट रश्मि दुबे ने बताया कि भोपाल के आठ लड़के खामखेड़ा चौकी की छोटी पचमढ़ी घूमने के लिए आए हुए थे। उनमें से एक लड़का संभव चौधरी जिसकी (19) साल है पैर फिसलने के कारण पानी में गिर गया। सोमवार रात को 9:30 बजे हमें सूचना मिली। टीम मौके पर पहुंची, लेकिन जंगल में दुर्गम इलाका होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन नहीं चलाया जा सकता। मंगलवार को रेस्क्यू कर मृतक का शव निकाला गया।


#### मृतक बिहार का रहने वाला भोपाल में कर रहा था पढ़ाई

19 वर्षीय मृतक संभव चौधरी गांधी चौक आसान बाजार जिला मुंगेर बिहार का रहने वाला है। मृतक दो भाई हैं। मृतक संभव भोपाल के पीपुल्स कॉलेज से बी फार्मा (फर्स्ट ईयर) की पढ़ाई कर रहा था। जबकि उसका छोटा भाई 9वीं क्लास का स्टूडेंट है। सोमवार 24 जून को अपने 7 दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए आया था। छोटी पचमढ़ी वाटर फाल में नहाते समय हादसे का शिकार हो गया।

#### 1100 किमी दूर ले जाना है शव

मृतक संभव के बुआ के लड़के अमित ने बताया कि संभव के पिता का देहांत पिछले महीने ही हुआ है। उसके घर में मां-दादी और छोटा भाई है। 24 जून रात को करीब 8:30 बजे उन्हें घटना की जानकारी मिली। देहरादून से बस से दिल्ली पहुंचे और दिल्ली से फ्लाइट लेकर सुबह भोपाल पहुंचे। वह और मृतक के दो दोस्त शव को लेकर मुंगेर के लिए निकले हैं। विदिशा से लगभग 1100 किलोमीटर से ज्यादा दूरी होने के कारण वह कल दोपहर तक घर पहुंच पाएंगे। तब अंतिम संस्कार होगा।

#### ये है मौत का झरना



**विदिशा।** छोटी पचमढ़ी के नाम से प्रसिद्ध यही वो झरना है जिसमें डूबने से छात्र की मौत हो गई। इससे पहले भी यहां डूबने से मौत के मामले सामने आ चुके हैं। यहां पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं और यह स्थान जमीन से करीब 20 फीट नीचे है।

---

## 5 महीने से लाड़ली बहना योजना की राशि न मिलने की शिकायत



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** नटेरन तहसील के ग्राम बेलनारा की महिलाओं ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने बताया कि पिछले पांच महीने से लाड़ली बहना योजना की राशि खाते में नहीं आई है। गांव में तकरीबन 18 महिला ऐसी हैं जनकी राशि नहीं आ रही है। स्थानीय स्तर पर उन्होंने कई शिकायती की लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई।

## गले में तख्तियां लटकाकर कलेक्ट्रेट पहुंची महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- अधिकारी कब्जा दिलाते हैं खेत पड़ोसी फिर से कर लेते हैं।

मंगलवार को एक महिला अपने गले पर कई तख्तियां लटकाकर जनसुनवाई में पहुंच गई। पीड़ित कृष्णा बाई शर्मा ने बताया उनकी जमीन का कुछ हिस्सा पड़ोस के दो व्यक्तियों के हिस्से में आ रहा है, जो उनकी जमीन पर कब्जा किए हुए हैं।

सीमांकन करने और शासन द्वारा दो बार कब्जा दिलाए जाने के बाद भी दोनों व्यक्ति शासन प्रशासन के निर्देशों को नहीं मान रहे। शासन कब्जा दिला कर जाता है और अधिकारियों के जाते ही वह हटा दिए जाते हैं। अब खेत पर जाने



पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। बुजुर्ग महिला ने कलेक्टर के सामने अपनी गुहार लगाते हुए जमीन वापस दिलाए जाने की मांग की है। खेत पड़ोसी जगन्नाथ प्रसाद और शुभम पाठक द्वारा दोबारा कब्जा करने पर कार्रवाई करने की मांग की है। महिला ने यह भी बताया कि बगल के खेत वाले आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। उन पर कानूनी कार्रवाई भी पूर्व में हो चुकी है। महिला कृष्णा बाई और बेटे कमलेश शर्मा ने कलेक्टर से निराकरण की गुहार लगाई है।

## घर का लाइट कनेक्शन सही करते समय युवक को लगा करंट, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

घर पर लाइट सुधरते समय एक युवक को करंट लग गया। हादसे के बाद परिजन उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शहर के मोहनगिरि में रहने वाला रवि अहिरवार वेल्डिंग का काम करता था। रवि के घर की लाइट खराब होने पर मंगलवार सुबह लाइट ठीक रहा था। इसी दौरान एक लाइट का तार टूट कर उसके ऊपर गिर गया। जिससे रवि को करंट लग गया। वह जमीन पर गिर गया। परिजनों ने चीख सुनी तो रवि को लेकर वह मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। उसका पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि रवि शादीशुदा है। उसके दो बच्चे हैं। वह वेल्डिंग का काम करता था। घर की लाइट खराब हो गई थी जिसे वह ठीक कर रहा था। इसी दौरान मेन लाइन का तार टूट कर उसके ऊपर गिर गया। जिसके कारण उसे करंट लगा और उसकी मौत हो गई।

---

### महावीर इंटरनेशनल ने हृदय मोहन जैन को सम्मानित किया

**विदिशा।** समाजसेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी हृदय मोहन जैन को अखिल भारतीय जैन समाज द्वारा समाज भूषण की पदवी से सम्मानित किया गया है। हृदय मोहन जैन महावीर इंटरनेशनल संस्थापक एवं संरक्षक सदस्य भी हैं। महावीर इंटरनेशनल के सदस्यों द्वारा उनके घर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर डॉ.शांतिलाल पीतलिया केंद्र के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, जीएस चौहान केंद्र के सचिव सुनील जैन, कोषाध्यक्ष अवनेश जैन, वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व केंद्र अध्यक्ष विक्रम जैन, भोपाल जोन के सचिव राजेश जैन, संजय जैन सहित सदस्यों द्वारा उन्हें शाल श्रीफल एवं महावीर इंटरनेशनल के विशेष अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।

## कथा का आमंत्रण देने आज शहर में निकलेंगे शिव भक्त



**विदिशा।** कथा के लिए पंडाल तैयार हो चुका है और लाइटिंग भी हो गई।

**विदिशा।** गिरधर कॉलोनी में 30 जून से 6 जुलाई तक वैत्रवती शिव महापुराण कथा का आयोजन होने जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि शहर में सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक दलों के साथ समिति के सदस्य आज शाम 4 बजे रामलीला चौराहे से एकत्रित होकर श्री शिव महापुराण कथा में शामिल होने का आमंत्रण देने शहर में निकलेंगे। मुख्य मार्गों से होते हुए पीतलमिल चौराहे पर पहुंचेंगे। शिव महापुराण कथा के संयोजक धर्मेंद्र सक्सेना ने बताया कि समिति की ओर से श्री शिव महापुराण कथा के लिए वाहनों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रचार प्रसार किया जा रहा है। साथ ही शहर के प्रमुख मंदिरों पर कलश वितरण समिति की ओर से कराया जा रहा है। कलश यात्रा 29 जून देवी के बाग से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल गिरधर कॉलोनी पहुंचेगी।

### दिव्यांगों को सहायक उपकरण देने परीक्षण शिविर 28 को लगेगा

**विदिशा।** जिले के पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण परीक्षण के लिए 28 जून की सुबह 10 बजे से 6 बजे तक दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पात्र दिव्यांगों को शिविर में फोटो, आधारकार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, बीपीएल राशनकार्ड या आय प्रमाण पत्र तहसीलदार, सरपंच या वार्ड मेम्बर से जारी साथ लाना होगा। है। जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाईन, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय एवं जनप्रतिनिधियों की मांग अनुसार 121 दिव्यांगजनों हितग्राहियों की सूची तैयार की गई है। ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें सहायक उपकरण की आवश्यकता हो और पिछले पांच वर्षो में लाभ न मिला हो वह भी परीक्षण शिविर में शामिल हो सकते हैं।

## 131 आवेदनों में से अफसरों ने सिर्फ 65 का किया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मंगलवार को हुई जनसुनवाई में 131 आवेदन आए। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने आवेदकों से बात कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर निराकरण किया।

डिप्टी कलेक्टर एवं जनसुनवाई कार्यक्रम के नोडल अधिकारी संतोष बिटौलिया ने बताया कि 131 में से मौके पर 65 आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश किए गए हैं। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर मोहनी शर्मा, निकिता तिवारी, तहसीलदार अमित सिंह समेत विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने समस्याएं सुनीं।

### दिव्यांग लाल सिंह को 25 हजार का चेक दिया

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** कुरवाई तहसील के ग्राम घोसुआ निवासी दिव्यांग लाल सिंह अहिरवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए समाजसेवी रमेश माहेश्वरी ने 25 हजार रुपए की राशि का चेक उपलब्ध कराया। जिसे अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर सहित अन्य के द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे दिव्यांग लाल सिंह अहिरवार को चेक दिया गया। दिव्यांग श्री अहिरवार को अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने में समाजसेवी द्वारा प्रदाय की गई राशि से बहुत सहायता मिलेगी। पूर्व में कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे दिव्यांग आवेदक लाल सिंह की समस्या का मौके पर निराकरण करते हुए उन्हें महज एक घंटे में ही ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई थी।

---

## महिलाओं ने पेंशन, कुटीर, पानी जैसे सुविधाओं की मांग उठाई



**विदिशा।** जनपद पंचायत नटेरन के अंतर्गत सतीश खेजड़ा गांव की महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन देते हुए मूलभूत सुविधाओं की मांग की।

महिलाओं ने बताया कि पात्र होने के बाद भी उन्हें कुटीर का लाभ नहीं मिल रहा। वहीं कई महिलाएं और बुजुर्ग से हैं जिन्हें पेंशन की पात्रता है, लेकिन पेंशन भी नहीं मिल रही है। पेयजल के लिए भी गांव से दूर जाना पड़ता है। महिलाओं ने अपने ज्ञापन में कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य से मांग की है कि अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच कर पात्र होने पर पेंशन और कुटीर जैसे शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

### आपातकाल में जनसंघ सहित कई विपक्षियों को जेल में किया था बंद

# आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर मीसाबंदी सम्मानित

**विदिशा जिले के 70 मीसाबंदियों को जेल में डाल दिया गया था।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में जनसंघ और भाजपा से जुड़े कई वरिष्ठ नेताओं का सम्मान किया गया। जिन्हे सन 1975 में देश के आपातकाल के दौरान कांग्रेस की इंदिरा सरकार द्वारा जेल में ठूंस दिया गया था। इस आपातकाल को मंगलवार के दिन 50 साल पूरे हुए। जिसको लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले के करीब 70 मीसाबंदियों को उस समय जेल में बंद किया गया था। जिन्होंने मुश्किल अपने परिवार की गुजर बसर की। उन मीसाबंदियों में अधिकांश स्वर्गवासी हो गए हैं। जो शेष बचे हैं उनका जिला भाजपा कार्यालय में सम्मान किया गया। इस दौरान विधायक मुकेश टंडन के अलावा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रजनीश अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन सहित जिलेभर से एकत्रित हुए भाजपा के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे। लोकतंत्र सेनानी के प्रदेश पदाधिकारी बाबूलाल ताम्रकार ने अपने और अन्य मीसाबंदियों के साथ बीती घटनाओं के बारे में बताया।



**विदिशा।** आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर भाजपा कार्यालय में मीसाबंदियों को सम्मानित करते हुए विधायक मुकेश टंडन।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-3150
उच्चतम भाव-3652
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2450
उच्चतम भाव-3050
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2536
चना
न्यूनतम भाव- 2100
उच्चतम भाव- 6635
मसूर
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-6300
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-4900
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5812
सरसों
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5911
उड़द
न्यूनतम भाव-4025
उच्चतम भाव-7360
मूंग
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7622
धान
न्यूनतम भाव-1020
उच्चतम भाव-2990
ज्वार
न्यूनतम भाव-1830
उच्चतम भाव-2200
बटरी
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-3970
तुअर
न्यूनतम भाव-9500
उच्चतम भाव-9500

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 7195 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### रामशरण श्रीवास्तव का निधन

**गंजबासौदा।** स्व श्री त्रिपुरारी लाल श्रीवास्तव बगरोदा वालों के बड़े पुत्र एवम विनय, विकास के बड़े भाई रामशरण श्रीवास्तव (डम्पु) का आकस्मिक निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा शाम 5:30 बजे निज निवास नानाजी वाली गली से मुक्तिधाम के लिए निकल गई। नागरिकों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दुखी परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

## झींगुरों से बढ़ी लोगों की परेशानी...



**गंजबासौदा।** इलाके में प्री मानसून बारिश शुरू हो चुकी है और उमस बढ़ गई है। ऐसे में झींगुरों की संख्या एकदम बढ़ गई है और उनसे लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### पुलिस के सतत अभियान के बावजूद नगर में वारदातें बढ़ीं

# देहात थाने के सामने युवक को पीटा किशोर से मोबाइल और चैन छीनी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एक ओर तो पुलिस नगर में नशामुक्ति एवं अन्य कार्यक्रमों को लेकर नगर में सतत भ्रमण करते हुए अभियान चला रही है। वहीं दूसरी ओर आपराधिक तत्वों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि वे खुलेआम और पुलिस थानों के सामने ही वारदातें कर पुलिस को चुनौति दे रहे हैं। अब देखना है कि पुलिस ऐसे बेखौफ आपराधिक तत्वों पर कितनी जल्दी और क्या कार्रवाई करती है।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों प्रशासन के निर्देश पर नगर सहित इलाके भर में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही वारंटियों की धरपकड, निगरानी शुदा बदमाशों की जांच, आपराधिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने सहित अपराधों की रोकथाम के लिए अन्य कार्रवाई







एवं सतत भ्रमण जारी है। इसके बावजूद पुलिस का खौफ अपराधियों में तनिक भी नजर नही आ रहा है और वे बेखौफ होकर वारदातें कर पुलिस को चुनौती देने में जुटे हुए हैं।

ऐसा ही एक मामला राजेन्द्र नगर में देहात थाने के सामने हुआ। जिसमें विकास कुशवाह 20 वर्ष निवासी राजेन्द्र नगर पर देहात थाने के ठीक सामने ही धारदार हथियार से इरफान ने हमला कर दिया। बताया जाता है कि शराब पीने के लिए पैसे न देने पर आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में घायल विकास को पिरिजन अस्पताल लेकर आये जहां पुलिस द्वारा घायल के बयान दर्ज प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही। घटना देहात के सामने की बताई गई है। जहां आरोपी ने बिना किसी डर के हमला कर दिया। ज्ञात हो कि आरोपी इरफान खान आदतन अपराधी है जो विगत वर्षों में अनेको लूट, हत्या के प्रयास सहित कई वारदातों में शामिल रहा है।

उधर दूसरी वारदात नानाजी वाली गली नई बस्ती में हुई। जहां कुछ असामाजिक तत्वों ने शाम के समय चंद्रभान सिंह यादव के नाबालिग पुत्र को चाकू दिखाकर उससे मोबाइल और चांदी की चैन छीन ली और भाग निकले। इन दोनों ही घटनाओं की पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। बताया जाता है कि नाबालिग से मोबाइल छीनने वाले बदमाशों ने उसी मोहल्ले में कुछ अन्य लोगों को भी डरा धमकाकर उनके साथ भी सामान की छीना झपटी एवं लूट की है। वहीं सुबह के समय रेलवे स्टेशन क्षेत्र में भी कुछ बदमाशों ने एक यात्री को चाकू अडाकर उससे रूपए एवं अन्य सामान की लूटपाट की थी। सूत्रों के अनुसार इन घटनाओं की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और त्वरित कार्रवाई कर कुछ संदिग्ध युवकों को पकडकर उनसे पूछताछ की जा रही है। माना जा रहा है कि पुलिस शीघ्र ही इन वारदातों में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी। इस संबंध में टीआई संजीव चौकसे का कहना है कि सभी मामलों में जांच एवं कार्रवाई की जा रही है।

## कक्षाओं में भीषण गर्मी से परेशान हैं केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

केन्द्रीय विद्यालय के छात्र छात्राएं इन दिनों भीषण गर्मी के बीच पढ़ाई करने को मजबूर हैं। पालकों ने क्षेत्र के सांसद केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवम विधायक हरि सिंह रघुवंशी से समस्या निराकारण की मांग की है। पालकों ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है और वहां अधिकतर बिजली नहीं रहती। इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। बच्चों का कक्षा कक्ष में गर्मी में बैठना दुश्वार हो रहा है। बिजली नहीं रहने के कारण स्कूल में कंप्यूटर आधारित शिक्षण एवम प्रायोगिक परीक्षण भी नहीं हो पा रहे हैं। आवास परिसर में शिक्षकों भी बिना बिजली के दिक्कत हो रही है।

केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व सदस्य परसराम दुबे ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय की विद्युत आपूर्ति को शहर फीडर से जोड़ने पर ही समस्या का स्थाई निदान होगा। क्षेत्र के सांसद शिवराज सिंह चौहान एवम विधायक हरि सिंह रघुवंशी इस दिक्कत को दूर कर सकते हैं। जब तक विद्यालय की लाइट को शहर फीडर से नहीं जोड़ा जाता तब तक विद्यालय प्रबंधन को बड़ा साइलेंट जनरेटर क्रय कर रखना चाहिए। ताकि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सुविधा रहे।

## थाना त्योंदा पुलिस ने बिजली तार चोरी करने वाले फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार



**गंजबासौदा।** गत दिवस ग्राम सालेरी में बिजली तार चोरी करने वाले गिरोह के कुछ सदस्यों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। इन आरोपियों से पूछताछ में कुछ अन्य आरोपियो की भी जानकारी मिली थी। जो फरार चल रहे थे। गत दिवस त्योंदा पुलिस ने उन फरार आरोपियों को भी पकडकर उनसे चोरी का तार बरामद कर लिया। थाना प्रभारी त्योंदा निरीक्षक मांगीलाल भाटी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर फरार आरोपी अखिलेश कुशवाहा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम घटेरा एवं एक अन्य साथी गोलू कुशवाहा उम्र 23 साल निवासी ग्राम घटेरा को उदयपुर रोड से गिरफ्तार किया गया। विवेचना के दौरान दोनों आरोपियों के कब्जे से 5 बिजली तार के बंडल जप्त किए गए। जिनकी कीमत करीबन 25000 रूपए है तथा घटना में उपयोग की गई दोनों मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक मांगीलाल भाटी, ,स उ नि.तरुण बेदी, सउनि. रघुपति यादव , सउनि शिव प्रसाद विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक ब्रजेश उपाध्याय ,आरक्षक सत्येंद्र, आर सुभाष, आर राहुल भास्करे, महेन्द ठाकुर ,मोनिका यादव , सबिया खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अभाविप ने दिया कॉलेज प्राचार्य को अनियमितताओं को लेकर ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजगढ़ की ब्यावरा इकाई द्वारा नगर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन दिया गया। जिसमें कॉलेज अध्यक्ष जीत शिवहरे ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा लगातार कॉलेज में आने वाली समस्याओं और कॉलेज की अनियमितताओं को लेकर प्राचार्य से बातचीत की गई। परंतु प्राचार्य द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही न करते हुए बहाना ही दिया गया तब विद्यार्थियों को उचित आश्वासन प्राप्त न हुआ तो विद्यार्थियों ने विद्यार्थी परिषद के संज्ञान में विषयों को लाना उचित समझा। अभाविप के संज्ञान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय में होने वाली अनियमिताओं को लाया गया है जिसमें विद्यार्थियों द्वारा बार-बार कॉलेज प्रशासन को कॉलेज में होने वाली अनियमितताओ की सूचना देने पर और विद्यार्थियों द्वारा मांग करने पर उन्हें पूरा नहीं किया जा रहा है जिनमें प्रमुख विषय है।



कॉलेज में परीक्षा चल रही है परंतु बार-बार देखने में आ रहा है कि परीक्षा के दौरान ही लाइट चली जाती है जिसकी कॉलेज व्यवस्था नहीं की गई। कॉलेज के शौचालय में लंबे समय से सफाई नहीं की जा रही। कॉलेज परिसर में लंबे समय से सफाई न करने के कारण जगह-जगह गंदगी दिखाई दे रही है। बार-बार प्राचार्य को अवगत कराने के बाद भी विद्यार्थियों के लिए सूचना की उचित व्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण विद्यार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षाओं के साथ-साथ प्रोजेक्ट और प्रैक्टिकल, सीसीए भी चल रहे हैं परंतु एक ही शिक्षक पर सभी जिम्मेदारी होने के कारण विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं जिसकी प्रशासन द्वारा अन्य कोई व्यवस्था नहीं की गई। महाविद्यालय में पार्किंग होते हुए भी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की गाड़ियां कॉलेज में अंदर लाकर के गेट के सामने लगाई जा रही है और कुछ गाड़ियों में तेज आवाज करना स्वभाव बन गया है जिससे विद्यार्थियों को परेशानी के साथ-साथ दुर्घटना होने की भी संभावना है। इसके पश्चात भी महाविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है एक विद्यार्थी की पार्किंग एरिया से बाइक चोरी हो गई जहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे बंद पाएगा जब प्रचार से पूछा तो प्राचार्य द्वारा भी बहाना बना दिया गया और इसकी हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं बोल कर बात को टाल दिया गया। उक्त बातों को ध्यान में रखते हुए यह कहा जा सकता है कि महाविद्यालय प्रशासन कॉलेज में होने वाली अनियमितताओ को देखकर भी कार्रवाई न करने के कारण कॉलेज प्रशासन का लचीलापन दिखाई दे रहा है जो कि महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों के लिए उचित नहीं है अतः अभाविप आपसे आग्रह करती है कि उक्त विषयों को संज्ञान में लेकर तुरंत इन पर कार्यवाही करें।

## मीसाबंदियों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारतीय राजनीति का काला दिवस आपातकाल के विरोध जेल गए गंजबासौदा के सम्मानीय लोकतंत्र सेनानियों ( मीसाबंदी) का सम्मान किया गया। भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके निवास पहुच कर सम्मान किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, मंडल अध्यक्ष सन्नी भावसार, रूपेंद्र शर्मा गुड्डा कार्यक्रम प्रभारी सोनू समैया , सरिता रघुवंशी, राजू रायकवार, दीपक शर्मा ,प्रवीण रघुवंशी आदि ने सभी मीसाबंदियों को शाल श्रीफल देकर उनका सम्मान किया और पार्टी के प्रति उनके समर्पण एवं त्याग की सराहना की।

### प्रदेश सरकार के निर्देश पर चल रहा है अभियान

## संयुक्त दल ने की दुकानों की जांच, वसूला जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार एवं एसडीएम विजय राय के आदेश पर नगर में विक्रय की जाने वाली विभिन्न अस्वस्थकर वस्तुओं, सड़े गले पदार्थ, सब्जी फल, खाने की वस्तुये, मिठाई, मांस आदि एवं एक्सपायरी दिनांक की खाने की वस्तुओं , पेय पदार्थ, आदि पर विक्रय के नियंत्रण हेतु संयुक्त दल के साथ कार्रवाई की गई। जिसमें दीक्षा नमकीन दुकान नंबर 1 रूपेश जैन ,दीक्षा नमकीन दुकान नंबर 2 जय कुमार जैन एवं तनुश्री किराना मनोज कुशवाहा की दुकान पर कार्रवाई में नगर पालिका अधिकारी जयंत वर्मा के नेतृत्व में की गई। दल के सदस्यों में डॉक्टर प्रणव सिंह पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी, संदीप वर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी, किरण श्रीवास्तव खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जावेद खान स्वच्छता अधिकारी नगर पालिका, पिंकी शाक्य कनिष्क आपूर्ति अधिकारी, नीरेंद्र डे सहायक राजस्व निरीक्षक नगर पालिका, वरुण चौबे सहायक राजस्व निरीक्षक, चिराग ,राजा चावरिया, संजय चवारिया आदि शामिल रहे।

इस जांच में विक्रेताओं को जागरूक किया गया एवं उनको समझाइश दी गई कि एक्सपायरी दिनांक की वस्तुओं का विक्रय न करें, एक्सपायरी दिनांक की वस्तुओं के विक्रय करने पर नागरिक द्वारा उनका उपयोग कर लेने पर उनके स्वास्थ्य को नुकसान होता है। वे बीमार हो जाते हैं। उक्त दुकानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक एवं अमानक स्तर की पॉलिथीन पाए जाने पर नगर पालिका के द्वारा दुकानों पर चालानी कार्रवाई कर 3000 का जुर्माना किया गया कार्रवाई के सुचारू संचालन हेतु विवाद की स्थिति निर्मित होने पर पुलिस विभाग से सतेंद्र सिंह तोमर आरक्षक, धर्मेंद्र चंद्रवंशी आरक्षक उपस्थित रहे। प्रशासन की यह कार्रवाई अब आगामी दिनों में भी जारी रहेगी।

## नशामुक्ति अभियान के तहत निकाली रैली, दिलाई शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस की परिपेक्ष्य में थाना गंजबासौदा शहर, थाना देहात गंजबासौदा एवं यातायात गंजबासौदा के संयुक्त टीम द्वारा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं श्रीमती रतनबाई जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों द्वारा जय स्तंभ चौक पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात पुलिस, प्रशासन एवं छात्रों द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत नगर में नशा मुक्ति एवं जनजागरुकता रैली निकली गई जो की थाना शहर बासौदा से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक, सावरकर चौक तक निकाली गई। तत्पश्चात अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनोज मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजय राय द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षको एवं आम लोगों को नशा मुक्त रहने हेतु शपथ भी दिलाई गई। साथ ही दिनांक 20. 6.24 से दिनांक 26.6. 24 तक चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के संबंध में आम जन, शिक्षको एवं छात्रों को नशा विरोधी जन जागरूकता लाने के संबंध में विभिन्न प्रकार के नशा, उनके दुष्परिणाम, बचाव एवं जन जागरूकता के माध्यम से सुधार करने आदि के संबंध में चर्चा करते हुए सहयोग की अपेक्षा की गई एवं नशा मुक्ति पंपलेट विवरण किए गए। जिसमें छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा नशा न करने एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करने का निर्णय लिया।

उधर त्योंदा पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत सभी ग्रामवासियों को नशा न करने कि समझाएं दी एवं नशा से कौन-कौन सी बीमारियां होती हैं वह सबको बताया। नशा मुक्ति ग्राम के तहत त्योंदा थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी, रमेश साहू, अनिल साहू, सत्येंद्र ठाकुर, अनिल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में त्योंदा के लोग मौजूद थे।

### जनसहयोग से किया जा रहा सिरोंज तालाब का गहरीकरण का कार्य

# गहरीकरण के बाद तालाब का सौंदर्यीकरण कर जन सहयोग से लगाएंगे पौधेः एसडीएम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के समस्त जल स्त्रोतो का जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। जिससे तालाब, कुओं और बावड़ी को साफ स्वच्छ करने दूषित जल और कीचड़-मलबा को बाहर निकाला जा रहा है। बारिश का पानी संग्रहित करने के लिए नगर के नया बस स्टेण्ड स्थित तालाब का जेसीबी व पोकलेन मशीन,डम्पर,टैक्टर-ट्रॉली के माध्यम व जनसहयोग से गहरीकरण किया जा रहा है।

एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि तालाब का गहरीकरण होने के बाद 8 करोड 60 लाख लीटर से अधिक बारिश का पानी तालाब में एकत्रित किया जा सकेगा। जिससे कि शहरवासियों को गर्मी के मौसम से पानी की समस्या से निजात मिल पाएगी। साथ ही तालाब में पानी की क्षमता में बढोतरी होने के बाद आसपास के जल स्त्रोत कुआं, बावडी, टयूववेल के जल स्तर में भी बढोतरी होगी। तालाबों के गहरीकरण से प्राप्त कीचड़,गाद, मिट्टी को खनिज साधन विभाग द्वारा रायल्टी भुगतान मुक्त कर दिया है। जिससे कि तालाबों के गहरीकरण के दौरान निकलने वाली मिट्टी,कीचड़ को आम नागरिक अपने काम के लिए इस्तमाल कर सके। विगत कई दिनों से तालाब का गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें जनता का भी भरपूर सहयोग देखा जा रहा है। तालाब की खुदाई के दौरान निकलने वाली मिट्टी को नागरिक कब्रिस्तान, शमशान घाट आदि स्थानों डाल रहें है साथ ही कुछ नागरिक उक्त मिट्टी को अपने काम के इस्तमाल के लिए ट्रैक्टर-ट्राली के माध्यम से भरकर ले जा रहें है। तो कई किसान अपने खेतो के लिए मिट्टी को लेकर जा रहें है।

### तालाब गहरीकरण का जायजा लेने पहुंचा प्रशासनिक अमला

नगर के नया बस स्टैंड स्थित तालाब के गहरीकरण का जायजा लेने के लिए मंगलवार को एसडीएम हर्षल चौधरी के साथ पूरा प्रशासनिक अमला पहुचा। जहा एसडीएम हर्षल चौधरी ने तालाब के गहरीकरण का जायजा लिया। साथ ही नपा अधिकारी,कर्मचारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तालाब में चल रहें गहरीकरण के हर एक काम पर एसडीएम हर्षल चौधरी लगातार अपनी नजर बनाए हुए है वह समय समय पर तालाब में चल रहें गरहीकरण के कार्य का जायजा लेने के लिए पहुच रहें है। इस मौके पर पुलिस एसडीओपी उमेश तिवारी,थाना प्रभारी संदीप पवार सहित नपा अमला मौजूद रहा।

### गहरीकरण के बाद किया जाएगासौदर्यीकरण,किनारो पर लगाए जाएगें पोधे

*एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा जी से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार तालाब का जनसहयोग से गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। तालाब से प्रतिदिन एक हजार ट्रॉली व 400 डम्पर मिट्टी निकालकर तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है। उक्त कार्य विगत 10 दिनो से निरंतर जारी है। गहरीकरण के बाद तालाब का सौदर्यीकरण करने का कार्य भी किया जाएगा। साथ ही तालाब के किनारो पर जन सहयोग से पौधारोपण कार्य किया जाएगा और तालाब को सुदंर और स्वच्छ बनाया जाएगा। जिससे कि यह तालाब नागरिको को घूमने-फिरने के लिए भी एक सुदंर जगह बनेगी। जहा सुबह-शाम शहर के नागरिक अपने परिवार के साथ घूमने आ सकेगें। तालाब किनारे पौधा रोपण होने के बाद आसपास काफी हरियाली देखी जाएगी और तालाब की सुदंरता में चार-चांद लग जाएगें।*

### जल स्त्रोतो को संवारने का तेजी से किया जा रहा कार्य

*क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों, ग्रामों और नगरीय क्षेत्र के वार्डों में जल स्रोतों को संवारने का कार्य विगत कई दिनो से जारी है। 30 जून तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोतों को विकसित कर उनके गहरीकरण व निर्माण कार्यों का संपादन किया जा रहा है। नगरीय क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान के दौरान मनरेगा योजना अंतर्गत जल संरक्षण,बावड़ी तालाबों स्टॉप डैम, कपिलधारा कूप, तालाब, सामुदायिक तालाब, चेकडेम सहित अन्य जल स्रोतों के संरक्षण कार्य किए जा रहें है। साथ ही नगरीय क्षेत्र में कुंआ, बावड़ी,तालाब सहित अन्य जल स्रोतों को संवारने, सहेजने व निर्माण कार्यों का मूर्तरूप दिया जा रहा है। कुंआ-बावड़ी से दूषित जल और कीचड़-मलबे को बाहर निकालकर रंगाई-पुताई व मरम्मत कार्य भी तेजी से किया जा रहा है।*

## वेतन की मांग को लेकर धरने पर बैठे आउटसोर्स कर्मचारी

**आउटसोर्स कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर व श्रम पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय के बाहर पिछले 5 दिनों से लगातार धरना प्रदर्शन पर बैठे आउटसोर्स कर्मचारी,डाटा एंट्री ऑपरेटर, सपोर्ट स्टाफ, मल्टी टास्किंग वर्कर, सुरक्षा गार्ड एवं सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को विदिशा जिला मुख्यालय पहुचकर एडिशनल कलेक्टर व श्रम पदाधिकारी को ज्ञापन सौपा। पूर्व विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी एडवोकेट सुभाष बोहत के नेतृत्व में दर्जनो कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगो के शीघ्र निराकरण करने की मांग की।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में पदस्थ आउटसोर्स कर्मचारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सपोर्ट स्टाफ, मल्टी टास्किंग वर्कर, सुरक्षा गार्ड एवं सफाई कर्मचारियों को नियमानुसार श्रम विभाग से निर्धारित दर अनुसार मासिक मानदेय नहीं दिया जा रहा। साथ ही कर्मचारियों को निर्धारित मासिक मानदेय दिया जाए एवं मासिक मानदेय दो माह में एक बार हड़ताल पर बैठने पर ही दिया जा रहा है एवं कुछ कर्मचारियों को चार माह से मानदेय नहीं दिया गया। मल्टीटास्किंग वर्कर को 3 वर्षों से दिया जा रहे मानदेय को कम कर दिया गया। 5 माह की ईपीइफ राशि जमा नहीं की गई एवं कई कर्मचारियों को 6 माह से ज्यादा का वेतन नहीं मिला। इसके अलावा सफाई कर्मचारी एवं सुरक्षा गार्ड को निर्धारित यूनिफॉर्म भी नहीं दी गई और ना ही सफाई सामग्री वितरित की जा रही है। यदि कोई कर्मचारी समस्या बताने के लिए अधिकारियो को फोन लगाते है तो अधिकारी फोन नही उठातें। उक्त पूरा घोटाला प्रथम नेशनल सिक्योरिटी कंपनी इंदौर के द्वारा किया जा रहा है।

इस मौके पर एडवोकेट सुभाष बोहत ने शीघ्र ही आउटसोर्स कर्मचारी के वेतन विसंगति के निराकरण की मांग की। उन्होंने कहा कि यह छोटे छोटे कर्मचारी अपना वेतन पाने के लिए भटक रहे हैं आज महिलाओं ने आकर जिला मुख्यालय पर रो-रो कर अपनी व्यथा अधिकारियों को सुनाई। बोहत ने कहा कि शीघ्र समस्याओं का हल नहीं किया गया तो जिला मुख्यालय पर जिले भर के कर्मचारियों को बुलाकर धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं प्रवक्ता अरुण अवस्थी, नितिन यादव, बद्री यादव, बंटी सक्सेना, योगेंद्र चंदेल सहित अनेकों कर्मचारी उपस्थित थे।

### जन्म-मृत्यु पोर्टल प्रशिक्षण 27 को

**सागर।** जन्म-मृत्यु ऑनलाइन पंजीयन से संबंधित पोर्टल पर इकाईयों द्वारा किये जाने वाले पंजीयन कार्य के दौरान तकनीकी कठिनाईयों के निदान के लिए जनगणना कार्य निदेशालय के अधिकारियों द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण 27 जून को दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण जिला पंचायत सागर के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा।

### अवैध शराब के 3 प्रकरण किए गए पंजीबद्ध

**सागर।** सहायक आयुक्त आबकारी दीपक अवस्थी के मार्गदर्शन में देवरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोंगर सलैया थाना महाराजपुर में अन्नपूर्णा ढाबा से 25 पाव प्लेन मदिरा बरामद की तत्पचात ग्राम चौका थाना केसली में भगुंती रजक के रिहायशी आवास से 49 पाव मसाला मदिरा, ग्राम घाना में लक्ष्मीकांत राय की किराना दुकान से 15 पाव मदिरा बरामद की जाकर आबकारी अधिनियम के तहत कुल 3 प्रकरण पंजीबद्व किए गए।

### वेतन बिल माह की एक तारीख तक करें भुगतान

**सागर।** कलेक्टर दीपक आर्य की जानकारी में आया है कि सागर जिले में आदेश के बाद भी समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन देयक समय पर जिला कोषालय में प्रस्तुत नहीं किये जा रहे है। जून माह के वेतक देयक एक तारीख तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

### दुकान के पास बाथरूम करने से मना करने पर हुआ था विवाद

## थाना केंट पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हत्या के प्रयास के आरोपी को धरदबोचा, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर




केंट थाना में फरियादी बाबूलाल रैकवार पिता गरीबदास रैकवार उम्र 50 साल निवासी बंगला नंवर 51 केंट जिला सागर ने आरोपी सुनील कोरी उर्फ बब्लू उर्फ पंचर निवासी पीली कोठी सागर से अपनी चाय के दुकान के पास पेशाब करने से मना किया तो आरोपी सुनील कोरी उर्फ बब्लू उर्फ पंचर ने बाबूलाल रैकवार को जान से मारने नियत से फूटी हुई वियर की वोतल से हमला कर प्राणघातक चोटें पहुंचाई। रिपोर्ट पर विवेचना मे लिया गया ।

घटना गंभीर प्रकृति की होने से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचित किया गया जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आरोपी की पतासाजी कर तुरंत गिरफ्तार कर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना संजीव उइके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश सिन्हा के मार्गदर्शन में व नगर पुलिस अधीक्षक सागर यश बिजौरिया के नेतृत्व मे अपराध की विवेचना के दौरान विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश हेतु रवाना किया गया था जो आरोपी सुनील उर्फ बब्लू उर्फ पंचर कोरी पिता छोटेलाल कोरी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहा से आरोपी को जेल भेजा गया ।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने वाले दोषी को 20 वर्ष सश्रम कारावास और जुर्माना भी

**सागर।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने के दोषी अंकित उर्फ अज्जू पिता रतिराम सौर को 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपए अर्थदंड एवं पॉक्सो के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो हजार रुपए अर्थदंड की सजा से तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट 2012) नीलम शुक्ला जिला-सागर की अदालत ने दंडित किया।



मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक (अभियोजन) धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की । घटना के अनुसार शिकायतकर्ता/पीड़िता के भाई ने चौकी शाहपुर थाना सानौधा में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि रात करीब 1:00 बजे तक सभी लोग टीवी देखते रहे बाद में मंगलवार, बुधवार की दरम्यानी रात करीब 2-3 बजे सो गये थे उसी बीच उसकी बहिन/पीड़िता घर पर नहीं दिखी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की शंका व्यक्त की । 24 अगस्त 2022 को पीड़िता के दस्तयाब होने पर उसने अपने कथनों में बताया कि 2 मार्च 2022 को अभियुक्त अंकित उर्फ अज्जू बहला-फुसलाकर उसे भगा ले गया और अभियुक्त ने कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। उक्त रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गए। आरोपी के विरूद्ध चालान न्यायालय में पेश किया। दोनों पक्षों के बयानों के बाद तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट 2012) नीलम शुक्ला जिला-सागर की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा से दंडित किया।

### अषाढ़ के प्रथम मंगलवार को बालाजी मंदिर में हुआ पौधरोपण, हनुमान चालीसा पाठ, भंडारा

**सागर।** अषाढ़ के प्रथम मंगलवार पर शहर के सिद्ध क्षेत्र बालाजी मंदिर में रामसरोज समूह की मातृशक्ति सरोजनी देवी केसरवानी एवं समूह के संस्थापक बाबू रामशंकर केसरवानी की स्मृति में वृक्ष वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के उपाध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, जिला महामंत्री श्याम तिवारी, केवीएस ठाकुर हरिराम सिंह ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष यश अग्रवाल मंडल के अध्यक्षगण एवं रामसरोज समूह के सदस्यजनों ने विचार संस्था के संयोजक कपिल मलैया द्वारा प्रदान किए गए 1100 नीम के वृक्षों का वितरण किया। इसके पश्चात समूह के सदस्य शैलेश केशरवानी एवं अखिलेश मोनी केसरवानी ने परिवारजनों एवं उपस्थित धर्म प्रेमी बंधुओ के साथ ग्रहस्थ संत पंडित केशव महाराज एवं बालाजी मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक प्रकाश साहू के संरक्षण में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया तत्पश्चात समूह के सदस्यजनों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

## तपोवन तीर्थ सागर में मुनि दीक्षा एवं चातुर्मास कलश स्थापना 25 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

वैज्ञानिक संत आचार्यश्री निर्भय सागर महाराज ससंघ से मुनिदीक्षा होगी एवं चातुर्मास कलश स्थापना 25 जुलाई गुरुवार को होगी। यह घोषणा आचार्यश्री ने स्वयं पंचबालयती मन्दिर शास्त्री वार्ड सुभाष नगर में धर्म सभा के मध्य की। आचार्यश्री तपोवन में यह चौथी बार जैनेश्वरी मुनि दीक्षा एवं दो वर्ष बाद पुनः होगा चातुर्मास। तपोवन तीर्थ सागर शहर के पूर्व दिशा में बहेरिया तिगड्डा के आगे एनएच-26 ओवर ब्रिज से सटी हुई पहाड़ी पर है जहाँ विश्व की सबसे बड़ी 51 फीट दिगम्बर जैन पद्मप्रभु भगवान की पद्मासन प्रतिमा स्थापित है। वहाँ 90 फीट चौड़ा 140 फीट लम्बे पाषाण के मन्दिर निर्माण कार्य चल रहा है। आचार्यश्री ने कहा भक्ति का फल भाव सहित करने से मिलता है। दुनिया में सबसे बड़े बन्धु गुरु और प्रभु होते है। बन्धु उसे कहते है जो सुख दुःख में साथ देते हैं। निस्वार्थ भाव से हितकर कार्य करते हैं। स्वार्थी व्यक्ति मोह माया जाल में फसे होतें है स्वार्थी व्यक्ति इन सबसे उठे होते है। खुद और खुदा से कोई बात छिपती नहीं है। पाप और पारा पचता नहीं है। भारतीय संस्कृति में चारित्र की पूजा होती है चेहरे को नहीं चारित्र को देखकर पूजना चाहिए । स्वार्थी व्यक्तियों की लक्षेदार बातों में आकर अपनी धारणा नहीं बदलना चाहिए।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**सागर।** सरस्वती शिक्षा परिषद एवं विद्या भारती द्वारा सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय पगारा में कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में कक्षा 10वीं और 12वीं में मध्यप्रदेश के टॉप टेन विद्यार्थियों में सागर के सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर विधायक शैलेंद्र जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रवीण्य सूची के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि हम सभी सनातनी है और हमारे संस्कारों और विचारधारा की जड़ों को मजबूत बनाए रखने के लिए प्रयास करते हैं। आज के युग में शिशु मन्दिर परिवारों संस्कारों की प्राथमिकता के साथ विद्यालय ने पूर्णतः शिक्षा विचार हमारी परंपराओं के साथ कभी समझौता नहीं किया।

### खरीफ सीजन में धान की खेती की तैयारियों में जुटे हजारों की संख्या में किसान

# गोदामों में डीएपी, यूरिया की कमी से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



जैसे ही जोरदार बारिश और मौसम में ठंडक आती है संपूर्ण क्षेत्र में धान की खेती रोपाई का कार्य शुरू हो जाएगा। किसानों में धान की खेती के लिए डीएपी, यूरिया, खाद की भारी मांग बनी हुई है। प्रायवेट दुकानदारों के यहॉ खाद नहीं मिल रही है। विपणन संघ की गोदामों में भी डीएपी, यूरिया, खाद की भारी कमी से किसान एक-एक बोरी खाद के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं।

बरेली-उदयपुरा, बाड़ी तहसीलों में हजारों किसानों द्वारा खरीफ सीजन में मुख्य रूप से बासमती धान की खेती की जाती है। गांव-गांव धान के गढा बन कर तैयार हो चुके है। जैसे ही रोपाई लायक बारिश होती है। धान की खेती का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो जाएगा। हमेशा की तरह उप्र, बिहार, छिंदवाडा, सिवनी जिलो से धान की रोपाई करने वाले कृषि मजदूरों का क्षेत्र के ग्रामों में आगमन शुरू हो गया है।


### डीएपी, यूरिया की कमी

धान की खेती में किसानों द्वारा अनेक बार डीएपी, यूरिया खाद का उपयोग किया जाता है। बारिश में खाद गांवो तक ले जाना कठिन बना रहता है। बाड़ी में भले ही यूरिया पर्याप्त मात्रा में हो परंतु डीएपी, खाद की भारी कमी बनी हुई है। बरेली की कृषि उपज मंडी स्थित गोदाम में तो यूरिया, डीएपी, खाद का स्टाक ही नहीं बचा है। उदयपुरा में यूरिया शून्य और डीएपी की अल्प मात्रा है। ऐसी स्थिति में जब विपणन संघ की गोदामो में डीएपी, यूरिया, खाद का स्टाक नहीं है, तब किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार खाद कैसे मिल पाएगा अभी से विकराल समस्या बनी नजर आ रही है। सभी स्थानों पर एनपीके खाद की जरूर उपलब्धता बनी नजर आ रही है।

### दुकानों से नहीं खाद

वर्षो से डीएपी, यूरिया ,खाद विपणन संघ की डबल लाक गोदामों से ही किसानों द्वारा खरीदा और उपयोग किया जा रहा है। किसानों के बीच सक्रिय सेवा सहकारी संस्थाओं से भी किसान भारी मात्रा में ऋण के रूप में डीएपी, यूरिया, खाद का उठाव करते है। सहकारी संस्थाओं को उनकी मांग के अनुसार खाद विपणन संघ द्वारा ही उपलब्ध कराया जाता है। अर्थात किसान गोदाम से नगदी में खाद खरीदे या फसल ऋण के रूप में सहकारी संस्थाओं से खाद खरीदे, खाद की उपलब्धता तो विपणन संघ की गोदामों और स्टाक पर निर्भर रहती है। प्रायवेट दुकानदारों के यहॉ तो सीजन में कभी कभार डीएपी, यूरिया, खाद आता और उसी दिन बिक जाने की स्थिति बनती है।

### अषाढ़ माह शुरूः पटेल बाबा को भोग लगाया



**ग्यारसपुर।** अषाढ़ का महीना प्रारंभ होते ही कुशवाह समाज के आराध्य कुल देवता पटेल बाबा के यहां पर पहुंचकर भोग अर्पित करते हैं। कुल देवता की पूजा कर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। सरपंच राजू कुशवाह ने बताया कि पीढ़ी दर पीढ़ी परंपरा चली आ रही है कि आषाढ़ का महीना प्रारंभ होते ही कुशवाह समाज के आराध्या पटेल देवता के स्थान पर पहुंचकर घर के सभी सदस्यों के द्वारा स्थान पर पहुंचकर दाल बेटियां एवं प्रसाद का भोग लगाया जाता है। समाज के द्वारा यह कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ किया जाता है। साथ में ही महिलाओं के द्वारा भजन एवं गीत गाए जाते हैं और देवता से सभी की खुशहाली एवं अच्छी वर्षा की प्रार्थना की जाती है।

## ब्रम्हाकुमारी आश्रम में मातेश्वरी जगदम्बा की मनाई पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



धोखेड़ा स्थित ब्रम्हाकुमारी आश्रम में प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा की 59वीं पुण्य तिथि पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

बीके शिवराम ने ओम राधे के नाम से प्रसिद्ध मातेश्वरी प्रारंभिक काल में ओम की ध्वनि करती थी, इससे उन्हें राधे से ओम राधे कहने लगे और संस्थान ओम मंडली के नाम से जाना जाता था, बताया कि भाई बहनों को ओम भाई, ओम बहन कह कर बुलाते थे। सेकडो भाई बहन द्वितीय विश्व युद्ध के हाहाकार के बीच 14 वर्ष तक योग तपस्या भट्टी में तपते रहे और सभी कर्मयोगी निखर कर सच्चा सोना बन गए।

ब्रम्हाकुमारी परिवार के सदस्यगणो ने प्रातः ब्रम्हमुर्हूत में तपस्यारत रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितो ने मीठी माँ को अपने आत्मीय श्रद्धासुमन अर्पित किए। पवित्र ब्रम्ह भोजन भी स्वीकार किया। सेवा केन्द्र की दीदियो बीके जयन्ती, बीके पिंकी, बीके हीरा ने भी अपने अनुभव युक्त संस्मरणो को उपस्थित लोगो के साथ सांझा किए।

## कंकाल को पीएम के लिए भेजा गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल

# जंगल में भैंस चराने गए किसान को पेड़ के नीचे मिला महिला का कंकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर/दीवानगंज



थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार सुबह कालीटोर पिपरई के सेमर वाली तलाई जंगल में लगभग 10 से 15 दिन पुराना अज्ञात महिला का शव कंकाल की स्तिथि में मिला है। महिला का कंकाल मिलने से सलामतपुर सहित आसपास क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल भेजकर मर्ग का मामला पंजीबद्ध किया है।

एसआई आरएस दांगी से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार सुबह मायाराम लोधी पिता घीसूलाल लोधी ने जानकारी दी कि वह भैंस चराने कालीटोर पिपरई के सेमर वाली तलाई जंगल में गया था। तो वहां पर महिला के कुछ बाल पास ही चप्पल कुछ दूरी पर एक हाथ का कंकाल मिला। और 70 मीटर दूर जाने पर एक महिला का शव मिला जो ज़्यादा दिन पुराना होने के कारण कंकाल में तब्दील हो चुका था मौके पर मिला है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर महिला के कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भोपाल भेज दिया।

### जंगल में 4 किमी अंदर मिला महिला का कंकाल

मंगलवार को कालीटोर पिपरई के सेमर वाली तलाई में कारी के पेड़ के नीचे महिला का कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ये कंकाल जंगल में 4 किलोमीटर अंदर मिला है। पैदल मौके तक पहुंचने में पुलिस के भी पसीने छूट गए। महिला का कंकाल गुलाबी शलवार, हाथ में चूड़ी पहने हुए मिला है। जिसकी अभी तक शिनाख्त नही हुई है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है कि यह कंकाल क्षेत्र में घूमने वाली पागल महिला का हो सकता है। सलामतपुर पुलिस आसपास थानों में गुम हुई महिलाओं की जानकारी जुटा रही है। अब देखना यह है कि महिला की शिनाख्त कब तक हो पाती है।

**इनका कहना है ...**

मंगलवार को भैंस चराने गए मायाराम लोधी को कालीटोर पिपरई के जंगल में 4 किलोमीटर अंदर एक महिला का 10 से 15 दिन पुराना कंकाल पेड़ के नीचे पड़ा हुआ मिला था। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर कंकाल को पीएम के लिए जीएमसी भोपाल भेजा है। महिला की शिनाख्त के लिए आसपास थानों में जानकारी भेजी गई है।

**आरएस दांगी,** एसआई सलामतपुर पुलिस

# कानपुर में जिंदा जले व्यापारी और ड्राइवर की हड्डियां पोटली में भरकर रायसेन लोटे परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



कानपुर में रायसेन के फल व्यापारी और पिकअप वाहन के ड्राइवर की जलने से मौत हो गई। परिजन अस्थियां लेकर वापस लौट आए हैं। वहीं, व्यापारी को दफन किया गया और चालक का अंतिम संस्कार हुआ। उत्तर प्रदेश के कानपुर में सड़क हादसे में रायसेन जिले के फल व्यापारी और पिकअप वाहन के ड्राइवर की रविवार को जिंदा जलने से मौत हो गई थी।

पिकअप वाहन और ट्राले में जोरदार भिड़ंत के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई थी। आग इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन में फंसे रायसेन जिले के सिलवानी निवासी फल व्यापारी इस्माइल खां और उनके पिकअप वाहन के ड्राइवर पूरन सिंह लोधी गाड़ी में ही अंदर करीब 20 मिनट तक चिल्लाते और झटपटाते रहे। पूरा वाहन जलने के बाद पुलिस को घटना स्थल पर दोनों की ही हड्डियां मिल पाई थी, जिन्हें पुलिस पॉलिथीन में भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए ले गई थी।

सूचना मिलने पर परिजन कानपुर पहुंचे, जिन्हें दोनों ही मृतकों की बची हुई हड्डियां पोटली में सौंप दी गई।घटना के बाद मृतक फल व्यापारी इस्माइल खां और पूरन सिंह लोधी के परिजन कानपुर पहुंचे। यहां पुलिस द्वारा पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद परिजनों को जलने के बाद बची हुई हड्डियां सौंप दी थी। सोमवार रात को सिलवानी निवासी फल व्यापारी इस्माइल खां को दफन किया गया है। इनके चार बच्चे हैं, जबकि बेगमगंज तहसील के ग्राम पलोहा के निवासी पिकअप के ड्राइवर पूरन लोधी का आज सुबह अंतिम संस्कार किया गया है। मृतक पूरन सिंह लोधी का एक लड़का और एक लड़की हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। घटना स्थल पर पहुंची बिधनू पुलिस ने फायरकर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया। क्रेन से पिकअप की केबिन को रस्सी से खींचकर हटाया गया तो ड्राइवर और क्लीनर के शव जले हुए निकले। सिर्फ सीने का हिस्सा जलने से बच गया था। दोनों के हाथ-पैर पूरी तरह जल गए थे। शवों की स्थिति इतनी खराब थी कि पता लगाना मुश्किल था कि ड्राइवर कौन है और व्यापारी कौन है। पुलिस ने फावड़े से मलबे को हटाया और हड्डियों को पॉलीथिन में भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। हादसे के बाद से ट्राला ड्राइवर लापता है। आशंका है कि हादसे के बाद वह गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस को पिकअप से जले हुए 20 हजार रुपये भी मिले हैं।

**पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए प्रत्यक्षदर्शी**

*घटना के एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, हादसे के समय हम लोग वहां से गुजर रहे थे। दोनों गाड़ियों की टक्कर के बाद पुल पर रुक गए। हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के तुरंत बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई। पल-भर में ही आग दोनों गाड़ियों में फैल गई। पिकअप के अंदर से दो लोगों के चिल्लाने की आवाज आने लगी। ड्राइवर और क्लीनर शायद बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वह गाड़ी में फंस गए थे। वह खुद को बाहर निकालने की कोशिश में चीख रहे थे। लोगों से मदद की गुहार लगा रहे थे। करीब 20 मिनट तक वह चिल्लाते रहे। हम गाड़ियों के पास पहुंचने की हिम्मत नहीं कर पाए। कुछ देर बाद उनकी आवाज आनी बंद हो गई, जिसके बाद हम समझ गए कि दोनों की मौत हो गई है। गाड़ी से मांस के जलने की बदबू भी आ रही थी।*

**खबर संक्षेप**

### संत रविदास स्वरोजगार अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**रायसेन।** अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शासन द्वारा संत रविदास स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 8वीं उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं तथा महिलाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से एक लाख से 50 लाख रू तक का उद्योग इकाई एवं सेवा इकाई के लिए एक लाख से 25 लाख तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। योजना अंतर्गत स्वीकृत इकाई लागत पर 05 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से अधिकतम 7 वर्षो तक ब्याज अनुदान देय होगा। संत रविदास स्वरोजगार योजना का लाभ लेने के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के 18 से 45 वर्ष तक की आयु के नागरिक आवेदन कर सकते हैं। आवेदक जिले का मूल निवासी होना चाहिए तथा पूर्व में किसी बैंक या शासकीय संस्था से डिफाल्टर नहीं होना चाहिए।

### पार्किंग समस्या से हल करने के इंतजाम नहीं

**सीहोर।** बाजार में खरीददारी करने जाते समय आपको सड़कों पर खड़ी गाड़ियों की वजह से कई बार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि बड़ा बाजार सहित कई इलाकों में पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं की गई है। शहरवासियों को मजबूरन अपनी गाड़ियों को दुकान एवं किसी घर और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बाहर खड़ी करना पड़ रही है। शहर में बढ़ती यातायात एवं पार्किंग समस्या से निजात दिलाने का प्रयास प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया है। जिसका खामियाजा सीहोर शहर के लोगों को उठाना पड़ रहा है। समस्या से अवगत होने के बावजूद जिम्मेदारों द्वारा इसका समाधान पिछले कई वर्षों से नहीं निकाला।

# स्टाफ की कमी से जूझ रही सेंट्रल बैंक, ग्राहकों को हो रही परेशानी

## लोगों को हो रही परेशानी से बैंक के वरिष्ठ अधिकारी बने अंजान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी




आदिवासी बाहुल्य विकास खण्ड मुख्यालय सिलवानी पर स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में आवश्यकता के अनुसार स्टाफ के ना होने से बैंक खातेदारो को लेनदेन करने में अनावष्यक परेषानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्टाफ कम होने व बैंकिंग कार्य अधिक होने के कारण लोगो को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। हालांकि वर्तमान में मौजूद कर्मचारियो के द्वारा कार्य को समय पर करने का प्रयास किया जा रहा है बावजूद भी स्टाफ की कमी से ग्राहको के काम समय पर नही हो पा रहे है। फल स्वरुप ना केवल बैंक का कार्य प्रभावित हो रहा है बल्कि बैंक जाने वाले ग्राहको में भी असंतोष देखा जा रहा है। स्टाफ की कमी से बैंक के बरिष्ठ अधिकारियो को भी अवगत कराया जा चुका है लेकिन वह भी ग्राहको को हो रही परेषानी से मतलव नही रख रहे हैं। आदिवासी बाहुल्य विकास खण्ड मुख्यालय होने के साथ ही सिलवानी विधानसभा मुख्यालय भी है, तहसील में करीब 250 ग्राम आते है। बड़ी संख्या में लेनदेन करने सहित अन्य बैंकिंग कार्य के लिए व्यापारी, विद्यार्थी, नागरिक आदि बैंक जाते है, लेकिन बैंक में स्टाफ की कमी के चलते उनका कार्य समय पर नही हो पा रहा है। देखा जाता है कि छोटे से काम के लिए खातेदारो को घंटे- घंटे लाईन में लगे रहना पड़ता है।

हालांकि बैंक की सिलवानी शाखा के लिए ब्रांच मैनेजर, कैषियर सहित पांच कर्मचारियो के पद स्वीकृत है लेकिन वर्तमान में मैनेजर सहित मात्र 3 कर्मचारी ही बैंक का कामकाज कर रहे है। स्टाफ कम होने व काम अधिक होने से परेषानी हो रही है, मौजूद कर्मचारियो पर काम का अतिरिक्त भार आने से दिक्कत भी हो रही है। कई बार बैंक से संबंधित कामकाज समय पर नही होने के कारण लोगो को बैंक के चक्कर लगाना पड़ते है।

**इनका कहना है ...**

बैंक में स्टाफ की कमी से परेशानी आती है। लेकिन वर्तमान में मौजूद स्टाफ के द्वारा बैक आने वाले लोगो के कार्य किए जा रहे है, अतिरिक्त समय देकर भी स्टाफ के द्वारा कार्य किया जा रहा है। स्टाफ की कमी से उच्चाधिकारियो को अवगत कराया जा चुका है।

**-जितेंद्र धाकड़,** ब्रांच मैनेजर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच सिलवानी।

# जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अल्का सिंह तथा डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा द्वारा जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अधिकांशतः प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विद्युत बिल, आर्थिक सहायता से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# चार साल में ही रोड की हालत हुई बदतर ग्रामीणों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम अंबाडी रोड से लेकर केम खेड़ी गांव तक करोड़ों रुपए की लागत से बनी मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क संपर्कता योजना के तहत बनी सड़क अभी से उखड़ने लगी है। अंबाडी रोड से लेकर केम खेड़ी गांव तक 3.042 किमी की लम्बी सड़क जगह-जगह टूटने और उखड़ने लगी है।

चार साल पहले बनी इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए है। यहां सड़क सरकारी योजनाओं के तहत बनी सड़कों की सच्चाई बयां करने के लिए काफी है। अंबाडी रोड से लेकर केमखेडी गांव तक रोड का निर्माण प्रमोद कुमार गुप्ता त्रिलोक नगर भोपाल द्वारा किया गया है। जिसमें कुल लंबाई 3.042 किलोमीटर में डमरी कृत 2.707 किलोमीटर सीसी रोड़ का निर्माण 0.335 सहित पुलिया और रपटे बनाए गए हैं। 3.042 किलोमीटर रोड सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए है। कई जगहों से ये सड़क उखड़ने लगी है। इस रोड का डामर पूरी तरह से गायब हो गया है कई लोग तो इस सड़क के गड्ढे में फंसने से गिरकर चोटिल हो रहे हैं। यहां सड़क 2020 में बनी थी। सड़क निर्माण के बाद इसकी अवधि पांच साल बताई गई थी इस रोड पर ठेकेदार द्वारा एक बोर्ड भी लगाया गया था। बोर्ड पर साफ तौर पर लिखा था कि रोड का निर्माण 12 जून 2020 में किया गया है। इसकी गारंटी 5 साल तक रहेगी। मगर 5 साल तो दूर चौथे साल में ही इस सड़क की हालत खराब हो गई है।

### गुणवत्ता का नहीं रखा ध्यान

मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क संपर्कता योजना के तहत बनी सड़क लम्बे समय तक सही रहती है। हालांकि इस सड़क को देख ये धारणा अपने आप खत्म हो जाती है कि सरकारी सड़क निर्माण में गुणवत्ता का खासा ध्यान रखा जाता है, लेकिन आज 3.042 किमी लम्बी इस सड़क की हालत देख लोगों का यह यकीन डगमगाने लगा है। वहीं इस सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है। सड़क खराब होने से हादसे बढ़ते हैं।

# गीदगढ़ टोला के लिए डेढ़ साल पहले सड़क स्वीकृत होने के बाद नहीं हुई तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



रायसेन जिले के सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले गीदगढ़ पंचायत के गीदगढ़ टोला तक आजादी के बाद से अब तक सड़क नहीं बनी थी।

ग्रामीणों के लंबे संघर्ष के बाद डेढ़ साल पहले क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ प्रभु राम चौधरी द्वारा सड़क स्वीकृत हुई और ग्रामीण को उम्मीद थी की अब उन्हें निकालने में परेशानी नहीं होगी। मगर डेढ़ साल बाद भी यह सड़क अभी तक नहीं बन पाई है। और काम अधूरा पड़ा है वहीं ठेकेदार द्वारा धीमी गति से काम किया जा रहा है और डेढ़ महीने से कम बंद है। ऐसे में बरसात का मौसम आ गया है जिससे ग्रामीणों को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक गीद गढ़ से ग्राम गीद गढ़ टोला तक 3 करोड़ 42 लख रुपए लागत से 2 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य डेढ़ वर्ष पहले स्वीकृत हुआ था। मगर डेढ़ साल बाद भी बनकर तैयार नहीं हुआ है ठेकेदार ने डेढ़ महीने पहले काम बंद कर दिया है।

अब ऐसे में ग्रामीणों को इस मार्ग से निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि ग्रामीण कई बार जिम्मेदारों से रोड जल्दी बनवाने की शिकायत कर चुके हैं। मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है और इस मार्ग से निकलना भी मुश्किल हो गया है।

# दुर्घटना को अंजाम देने के लिए मात्र 7 फीट की ऊंचाई पर झूल रहे बिजली के केबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची



सांची के डॉक्टर हेडगेवार कॉलोनी में मंदिर के सामने जहां लोगों का हमेशा आना-जाना लगा रहता है उसी जगह पर बिजली की केवल जिसमें पूरे नंगे तार खुले हुए लटक रहे हैं और अगर थोड़ा सा भी कोई बड़ा वाहन उसके नीचे से गुजरता है तो वह इसकी चपेट में आ सकता है। इसकी शिकायत कई बार बिजली अधिकारी से कर दी गई है लेकिन उसको सही करने के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं की गई जब तक कोई बड़ी घटना नहीं हो जाति है तब तक प्रशासन कुंभकरण की नींद सोता रहता है। बिजली विभाग के इस लचर रवैया से हर व्यक्ति परेशान हो गया है वहीं बिजली के बिल आसमान छू रहे हैं 200 से 300 रुपए आने वाला बिजली का बिल आज 3000 का आ रहा है। लोग शिकायत कर रहे हैं मगर सुनने वाला कोई नहीं है।

# फैक्ट्री चौराहा पर अज्ञात वाहन ने गाय के बछड़े को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



भोपाल विदिशा हाईवे पर रोज कहीं ना कहीं आवारा पशुओं की मौत हो रही है। इन पशुओं को रखने वाला व्यक्ति न ध्यान दे रहा है न ही सरकार इन आवारा पशुओं की ओर ध्यान दे रही है।

जिससे इन आवारा पशुओं की रोज कहीं ना कहीं रोड पर मौत हो रही है। इस समय बारिश का दौर चल रहा है यह जानवर दिन भर जंगलों में घूमते हैं जैसे ही शाम होती है तो वह सूखे में आकर रोड पर बैठ जाते हैं। जिससे वाहन चालक रात के समय इन आवारा पशुओं को देख नही पाते और दुर्घटना में इनकी मौत हो जाती हैं। सोमवार मंगलवार रात को फैक्ट्री चौराहे दीवानगंज पर अज्ञात वाहन ने गाय के छोटे बछड़े को जोरदार टक्कर मर दी। जिससे गाय के बछड़े की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। भोपाल विदिशा रोड पर वीडियो कोच बस और ट्रक को ड्राइवर तेज गति से चलाते हैं। इन वाहनों की रफ्तार भी बहुत अधिक होती है जिससे कहीं न कहीं दुर्घटना होती रहती है इन ट्रक वालों और बस वालों पर कोई भी अधिकारी कार्रवाई नहीं करता है जिससे भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर आए दिन हादसे हो रहे हैं।

# सीमांकन करने गए पटवारी पर किया जानलेवा हमला

## *पिता-पुत्रों ने कुल्हाड़ी से किया हमला, पटवारी ने भागकर बचाई जान, ग्राम बड़ौदा का मामला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के बड़ौदा 25 गांव में सीमांकन करने गए पटवारी और मशीन सर्वेयर पर पिता पुत्र ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। वो तो गनीमत रही कि पटवारी और मशीन सर्वेयर ने भागकर अपनी जान बचा ली। वरना कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

घटना 20 जून की बताई जा रही है। जिसकी रिपोर्ट चार दिन बाद सलामतपुर थाने में की गई है। पुलिस ने नारायण सिंह पिता घासीराम किरार और उसके दो पुत्रों गोलू व बबलू निवासी बड़ौदा 25 पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने पर धारा 353, 504, 34 आईपीसी का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। थाने के प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़ौदा 25 गांव में राजकुमार पिता किशनलाल ने अपनी खसरा नम्बर 137/1/2 रकबा 1.379 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन कराने को लेकर आवेदन किया था। बीस जून को हल्का नम्बर 11 के पटवारी महेन्द्र कुमार मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर सीमांकन करने बड़ौदा 25 गांव पहुंचे। इसी दौरान पड़ोसी किसान नारायण सिंह अपने दोनों पुत्रों गोलू और बबलू के साथ मौके पर कुल्हाड़ी लेकर गाली गलौच करते हुए बोले कि यहां पर कोई सीमांकन नही होगा और पटवारी व उसके साथ आए मशीन सर्वेयर पर हमला कर दिया। पटवारी महेन्द्र कुमार और ईटीएस मशीन सर्वेयर ने भागकर अपनी जान बचाई। इस मामले में सांची नायब तहसीलदार नियति साहू ने सलामतपुर थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

**दोनों के बीच ज़मीन को लेकर चल रहा पुराना विवाद**

*बड़ौदा 25 गांव में किसान राजकुमार और आरोपी नारायण सिंह के बीच भूमि को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। दोनों की भूमि एक ही गांव में पास पास लगी हुई हैं। 20 जून को जब हल्का नम्बर 11 के पटवारी महेन्द्र कुमार अपनी टीम के साथ राजकुमार की 1.379 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन करने पहुंचे तो पड़ोसी किसान नारायण सिंह अपने दोनों लड़कों गोलू और बबलू के साथ हाथ में कुल्हाड़ी लेकर पहुंच गया और पटवारी के साथ गाली गलौच करते उन पर हुए हमला कर दिया। वो तो समय रहते पटवारी और ईटीएस मशीन सर्वेयर ने भागकर अपनी जान बचा ली। वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी।*

**इनका कहना है...**

रायसेन तहसीलदार के आदेश पर 20 जून को बड़ौदा 25 गांव में राजकुमार की खसरा क्रमांक 137/1/2 रकबा 1.379 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन करने ईटीएस मशीन सर्वेयर के साथ गए थे। तभी पड़ोसी किसान नारायण सिंह व उसके दोनों लड़कों ने गाली गलौच करते हुए हम पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमने भागकर अपनी जान बचाई।

**महेंद्र कुमार मिश्रा,** पटवारी हल्का नम्बर 11

आवेदक राजकुमार के आवेदन पर 20 जून को बड़ोदा 25 गांव में सीमांकन के लिए पटवारी और मशीन सर्वेयर की टीम गई थी। सीमांकन के दौरान पड़ोसी खेत के किसान ने अपने लड़कों के साथ गाली गलौच करते हुए कुल्हाड़ी से टीम पर हमला कर दिया। आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है। उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**हर्ष सिंह,** तहसीलदार रायसेन